# U.G.C. CENTRE FOR ADVANCED STUDY (CAS)

***Dr. Rajendra Prasad Sharma***
Co-ordinator, CAS &
Head of the Department

***DEPARTMENT OF PHILOSPHY***
(CAS, Building)
University of Rajasthan
Jaipur-302004 (INDIA)

Dear Prof./Dr. …………………

It is a matter of pleasure that Department of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur, has been a witness to the glorious philosophical tradition of acclaimed philosophers, Late Prof. P.T. Raju, Prof. V.H. Date, Pt. Khadganath Mishra, Prof. Daya Krishna, Prof. Govind Chandra Pande, Prof. Chandmal Sharma, Prof. Ramchandra Gandhi, to name a few. The tradition is still alive and resplendent under the insightful vision of Sri Yashdeva Shalya, Prof. Rajendra Swaroop Bhatanagar and Prof. Biswambhar Pahi. In honour of this tradition, Centre for Advanced Study has resolved to hold an International Seminar to analyse and evaluate the unparalleled and memorable contribution, of its founder, Prof. Biswambhar Pahi, towards philosophy.

On the occasion of 80th birth anniversary of Prof. Pahi, a three-day long International Seminar on **Philosophical Contributions of Prof. Biswambhar Pahi,** is being organized with assistance of ICPR, from **12th to 14th March, 2016.**

It is also a matter of pride that *Indian Council for Philosophical Research* (ICPR) is felicitating Prof. Pahi with its prestigious **Lifetime Achievement Award**, which shall be bestowed upon him in the inaugural session of the seminar.

You are an authority over the subject and thus cordially invited in the seminar. You are kindly requested to intimate us about your acceptance by 5 February, 2016 and also send us the abstract of your paper by this date. You are also requested to send your complete paper by 15th February 2016. For outstation participants (requiring accommodation) a registration fees of Rs. 1500/-, for local participants (not requiring accommodation) registration fees of Rs. 1000/-, for research scholars registration fees of Rs. 800/-, shall be applicable. Travel allowance shall not be granted, facility of fooding and lodging might be made, subject to availability.

The Papers presented in the seminar shall be published in Journal of Foundational Research, ISSN 2395-5635. Papers can be written in English, Hindi or Sanskrit.

18.01.2015

Mr. Anubhav Varshney
Co-ordinator, Seminar,
Assistant Professor,
Centre for Advanced Studies,
Department of Philosophy,
University of Rajasthan, Jaipur
Contact: 9772242525
E-mail: anubhavshunya@gmail.com

Dr. Rajendra Prasad Sharma
Director, Seminar
Head & Co-ordinator,
Centre for Advanced Studies,
Department of Philosophy,
University of Rajasthan, Jaipur
Contact: 09413970601
E-mail: rajendrasharmauniraj@gmail.com
hodphilosophyuniraj@gmail.com

A list of Prof. Pahi's publications is attached, the works desired by you for paper presentation could be made available to you. The Department is also committed to make available his scattered writings in book form, in the seminar.

## Life and Philosophy of Prof. Biswambhar Pahi

Prof. Biswambhar Pahi received his basic training in philosophy at the Universities of Utkal and Allahabad and later did graduate work in Formal Logic at Yale University, U.S.A. to earn his Master's and Ph.D. degrees. He taught at Central Washington State College and University of Notre Dame, U.S.A. He served as reader from 1974 to 1979 and then as Professor of Logic and Philosophy of Science in the Department of Philosophy, University of Rajasthan, from 1979 to 1996. He worked as co-ordinator of UGC's *Special Assistance Programme* from 1984 to 2001.

His life is an epitome of dedication towards the cause of philosophy. He has a revered place in the evolution of Nyāya-Vaiśeṣika and Indian Philosophy and in teaching and research in Indian and Western Logic. He has made an astonishing attempt to mutually compliment the two traditions of Logic. Prof. Pahi's celebrated work, ***Vaiśeṣika Padārthavyavasthā kā Paddhatimūlaka Vimarśa***, is a serious endeavour to develop further the Nyāya-Vaiśeṣika system. Prof. Pahi opines that development of a philosophical system calls for harmony of philosophers' commitment to tradition and freedom of thought sustained by their creative insights. The history of Nyāya-Vaiśeṣika system is a witness to the fact of blind loyalty towards tradition denying to even thinkers of the calibre of *Bhasarvajna* and *Raghunatha Siromani*, the right to set one's metaphysical house in order. The most fundamental goal of his philosophy is "characterizing commitment to tradition" by giving it palpable form and discernible content. His philosophy aims to facilitate a natural development of Nyāya-Vaiśeṣika system by either rejection or a reconstruction (on the basis of a rational examination) of those traditional views that obstacle the same.

Prof. Pahi has also made a serious and novel contribution towards Western Formal Logic. The Seminar is an endeavour to assess and evaluate the novel and deep scholarship and thoughts of Prof. Biswambhar Pahi.

## Themes for paper presentation

You may present a paper on any of the following themes:

**A. Assessment of contribution towards Nyāya-Vaiśeṣika**

- The Place of Vaiśeṣika *Padārthavyavasthā* in Indian Philosophy
- Fundamental methodological and epistemic doctrines of Nyāya-Vaiśeṣika ( Loka-pratiti and Shastra, Rationality)
- Fundamental metaphysical doctrines of Nyāya-Vaiśeṣika (Dharma-dharmi bheda, Bhedabheda vyavastha, Asatkaryavada, Padarthattva)
- Purusharthamimamsa of Nyāya-Vaiśeṣika ( Karamavada and Samsaravada, Dukha, Adrishta, Atma, Ishwar, Purushartha)
- Vaiśeṣika ontology ( Akasha, Desha-kala, Avayavi, Sankhya, Parimana and Samuchchaya, Samvaya, Vishesha)

**B. Assessment of contribution towards Western Formal Logic.**

- Prof. Pahi's articles published in "*Studies in Formal Logic*".
- Re-phrasing the terminology of western formal logic in the jargon of Navya-Nyāya ( "*On Relating Two Traditions of Logic*" in *Logic, Navya-Nyāya and its Applications: Homage to Bimal Krishna Matilal* )

C. **Contribution towards Aesthetics, Poetics, Greek Philosophy:-** Ideas pertaining to Prof. Pahi's vision in other streams of thought.

## List of publications of Prof. Biswambhar Pahi

### Books

1. *Studies in Implicational Calculi*, Michigan, USA 1967
2. *Studies in Formal Logic*, Deptt. of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur ,1993
3. *रघुनाथ शिरोमणि विरचित पदार्थतत्त्वनिरूपणम् का हिन्दी अनुवाद,* दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर,1997 (कुसुम जैन के साथ)
4. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श,* दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर,2000
5. *Approaches to Formal Logic* (Under preparation)

### Papers published in National and International Journals

1. *Panini's Technique of Representing Linguistic Regularities*, AJOS, 1988 ( with R.P. Sharma)

2-3 *Reflections on some life-affirming commitments of Western Science* and *The development of the deductive model of knowledge organization in Greek Thought* , JFR, 1993 (with Naseem Quazi)

4. *Reflections on Methodological issues in Plato's Philebus*, JFR, 1993 ( with Mohin Mohammad)
5. Two papers in *Burden of Poetic Consciousness,* SAP, Deptt. of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur, 1996 ( with S. Jethmalani)

6-7 *A Framework for the Moral Evaluation of Actions* and *On the Structure of the Purusartha System in Foundations of Indian Moral Thought*, special issue of JFR, 2003

8. *The early Vedic Weltanschaung*, JFR 2003 ( with S. Jethmalani)
9. *Formal Logic in Ancient Indian and Greece, in History of Science, Philosophy and Culture in Indian civilization*, vol. Part 4, 2007
10. *On Relationg Two Traditions of Logic*, in Logic, Navya-Nyaya & Applications, 2008
11. *Making Constructive Use of History: Groundwork for a Nyaya-Vaiesika Philosophy of Mathematics*, JICPR, 2008
12. *Vaisesika System, History of Science, Philosophy and Culture in Indian Civilization*, vol. 1, Part 5, A Golden Chain of Civilizations: Indic, Iranic, Semitic and Hellenic. Section 2: Science, Philosophy and culture, 2012
13. शास्त्र स्वरूप विषयक सिद्धान्त एवं तर्कशास्त्र के विकास की दिशाएँ, उन्मीलन

### In various issues of *The Journal of Symbolic Logic*

14. *On the non-existence of finite characteristic matrices for some implicational calculi*
15. *Some results on Generalized Truth- Tables* (with Applebee)
16. *Restricted extensions of some implicational calculi*
17. *Some classes of decidable implicational calculi without finite model property*
18. *A note on full models of propositional calculi*
19. *Theorems for some implicational calculi* (with Jankov)
20. *A result on axiom systems for propositional calculi*

### In various issues of *Notre Dame Journal of Formal Logic*

21. *An unsolvable problem concerning implicational calculi* (with Applebee)
22. *Some result on Generalized Truth Tables* (with Applebee)
23. *Necessity and some non-model propositional calculi*
24. *Maximal full matrices*

### In various issues of *Zeitschrift fur mathematische Logik and Grundlangen der Mathematik*

25. *Full models and restricted extensions of propositional calculi*
26. *Restricted extensions of implicational calculi*
27. *A theorem on the interrelationship of axiom systems for implicational calculi*
28. *A method for proving the non-existence of finite characteristic models for implicational calculi*
29. *Theorems for some implicational calculi*
30. *Independence Proofs in Propositional Logics unaccomplishable by Finite Matrices and Decidability without finite model property, abstracts, vol. 5 part-3, pp. 157-159,* VIII International Congress in Logic, Methodology and Philosophy of Science, Moscow.

# U.G.C. CENTRE FOR ADVANCED STUDY (CAS)

***Dr. Rajendra Prasad Sharma***
Co-ordinator, CAS &
Head of the Department

***DEPARTMENT OF PHILOSPHY***
(CAS, Building)
University of Rajasthan
Jaipur-302004 (INDIA)

मान्यवर.................................

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध दार्शनिकप्रवर कीर्तिशेष प्रो. पी.टी. राजू, प्रो. वी.एच. दाते, पं. खड्गनाथ मिश्र, प्रो. दया कृष्ण, प्रो. गोविन्द चन्द पाण्डे, प्रो. चान्दमल शर्मा, प्रो. रामचन्द्र गांधी प्रभृति की उत्कृष्ट, गौरवमयी तथा अभिनन्दनीय परम्परा रही है। इसी परम्परा के उत्तराधिकारी के रूप में श्री यशदेव शल्य, प्रो. राजेन्द्र स्वरूप भटनागर एवं प्रो. विश्वम्भर पाहि ने सम्प्रति जयपुर के गरिमामय दार्शनिक गौरव को जीवन्त बनाये रखा है। अतः उच्च अध्ययन केन्द्र के प्रतिष्ठापक आचार्य प्रो. विश्वम्भर पाहि के द्वारा किए गए दर्शनशास्त्र के प्रति अविस्मरणीय एवं अभूतपूर्व योगदान पर समीक्षा एवं मीमांसा के लिये सारस्वत अनुष्ठान के रूप में अन्तरराष्ट्रिय संगोष्ठी उच्च अध्ययन केन्द्र में आयोजित करने का निश्चय किया गया है।

मूर्धन्य मनीषी तथा समालोचक दार्शनिक प्रो. विश्वम्भर पाहि के अशीति जन्म वर्ष के अमृत महोत्सव की शुभ बेला पर, *भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (ICPR)* के सहयोग से, न्याय–वैशेषिक एवं तर्कशास्त्र की समीक्षा हेतु **प्रो. विश्वम्भर पाहि के दार्शनिक अवदान** विषयिका, त्रिदिवसीया अन्तरराष्ट्रिय संगोष्ठी, **12 से 14 मार्च 2016** को अनुष्ठित है।

गर्व का विषय है कि भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रो. विश्वम्भर पाहि को इस संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में **लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड** से सम्मानित करने का निश्चय किया गया है।

आप इस विषय के मर्मज्ञ विद्वान् हैं, अतः सादर आमंत्रित हैं। आप से विनम्र प्रार्थना है कि हमें अपनी स्वीकृति के विषय में 5 फरवरी 2016 तक अवगत करा दें तथा अपने शोध–पत्र का सारांश भी इस तिथि तक भेज दें। आपसे यह भी निवेदन है कि पूर्ण रूप से लिखित शोध–पत्र दिनांक 15 फरवरी 2016 तक भेज दें। संगोष्ठी में बाहरी प्रतिभागियों (जिन्हें आवास सुविधा की आवश्यकता है) हेतु पंजीयन शुल्क रू. 1500/–, स्थानीय प्रतिभागियों (जिन्हें आवास की आवश्यकता नहीं है) हेतु पंजीयन शुल्क रू. 1000/– तथा शोधार्थी प्रतिभागियों हेतु पंजीयन शुल्क रू. 800/– देय है। यात्रा भत्ता देय नही हैं। आवासीय सुविधा तथा आतिथ्य की व्यवस्था, उपलब्धता के हिसाब से कराई जा सकती है।

संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध पत्रों में से चयनित शोध लेखों को *जर्नल ऑफ फाउण्डेशनल रिसर्च* ISSN 2395-5635 में प्रकाशित किया जायेगा। शोधपत्र हिन्दी, संस्कृत या अंग्रेजी में लिखा जा सकता है।

सादर।

दिनांक– 18.01.2016 भवदीय

श्री अनुभव वार्ष्णेय
संगोष्ठी समन्वयक,
सहायक आचार्य,
उच्च अध्ययन केन्द्र, दर्शन शास्त्र विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय।
दूरभाषः 09772242525
ई–मेलः anubhavshunya@gmail.com

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
निदेशक, संगोष्ठी एवं विभागाध्यक्ष
समन्वयक, उच्च अध्ययन केन्द्र,
दर्शनशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय,
दूरभाषः 0141–2353932, 094139–70601
ई–मेलः rajendrasharmauniraj@gmail.com
hodphilosophyuniraj@gmail.com

प्रो. विश्वम्भर पाहि द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों तथा शोध–पत्रों की संक्षिप्त सूची संलग्न है, पत्र प्रस्तुति हेतु आप द्वारा वांछित कोई भी कृति आपको विभाग द्वारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा सकती है। इनके विभिन्न प्रकीर्ण लेखों को ग्रन्थाकार के रूप में संगोष्ठी में उपलब्ध कराने के लिये विभाग पूर्णतः सचेष्ट है, जिससे भविष्य में इनके साहित्य का एकत्र संकलन शोधार्थियों को सुलभ हो सकेगा।

## प्रो. विश्वम्भर पाहि का व्यक्तित्व एवं दर्शन

इन्होंने दर्शनशास्त्र की आरम्भिक शिक्षा उत्कल तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ग्रहण कर, असम विश्वविद्यालय में तीन वर्ष प्राध्यापक के रूप में कार्य किया। तदनन्तर, अमेरिका के प्रख्यात येल विश्वविद्यालय में गाणितीय तर्कशास्त्र के अध्ययन एवं अनुसंधान द्वारा एम.ए. तथा पीएच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त की। इसके पश्चात् अमेरिका के सेन्ट्रल वाशिंगटन स्टेट कॉलेज एवं नोत्रेदेम विश्वविद्यालय में सात वर्ष तक अध्यापन किया तथा 1974 से 1979 तक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में उपाचार्य, तत्पश्चात् 1979 से 1996 तक ''तर्कशास्त्र एवं विज्ञान दर्शन'' के आचार्य पद पर कार्यरत रहे तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के *विशिष्ट सहायता कार्यक्रम* के *समन्वयक* 1984 से 2001 तक रहे।

इनका सम्पूर्ण जीवन दर्शनशास्त्र के प्रति सत्यनिष्ठा से समर्पित है। न्याय–वैशेषिक एवं भारतीय दर्शन के विकास तथा भारतीय एवं पाश्चात्य तर्कशास्त्र के अध्यापन एवं अनुसंधान में उन्हें अद्वितीय प्रतिष्ठा प्राप्त है। इन्होंने तर्क शास्त्र की दोनों परम्पराओं के सम्मीलन एवं विकास का अद्भुत प्रयास किया है।

प्रो. पाहि की कालजयी कृति *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श,* न्याय–वैशेषिक तन्त्र के विकास मार्ग के उन्नयन हेतु एक गम्भीर प्रयास है। प्रो. पाहि का मत है कि, परम्परा के प्रति निष्ठा एवं विचारस्वातन्त्र्य के बीच संवादिता के बिना दार्शनिक तन्त्रों का सहज विकास सम्भव नहीं हैं। न्यायवैशेषिक इतिहास इस बात का साक्ष्य दे सकता है कि अविचारित निष्ठा की माँग ने *भासर्वज्ञ* एवं *रघुनाथ शिरोमणि* जैसे अप्रतिम प्रतिभावान् दार्शनिकों को भी तन्त्र की तत्त्वमीमांसा के आंशिक पुनर्निर्माण के अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया है। आधारभूत सिद्धान्तों के व्यावर्तन के द्वारा परम्परा के प्रति वैचारिक निष्ठा को परिष्कृत व्यावहारिक रूप प्रदान करना, इनके दर्शन का सर्वोपरि लक्ष्य है। तन्त्र के सहज विकास में प्रतिबन्धक की भूमिका निर्वाह करने वाले कतिपय परम्परागत सिद्धान्तों का समीक्षा के अनुसार यथावश्यक खण्डन अथवा पुनर्निर्माण के द्वारा विकास के मार्गों को प्रशस्त करना, इनके दर्शन का अवान्तर लक्ष्य है।

इसी प्रकार इन्होंने पाश्चात्य आकारिक तर्कशास्त्र के प्रति भी गम्भीर तथा अतुल्य योगदान दिया है। संगोष्ठी में इनके मौलिक तथा गहन विचारों का समीक्षण, विमर्श, एवं मूल्यांकन करना अभीष्ट है।

**पत्र प्रस्तुति के विचारणीय बिन्दु :–**

**(अ) न्याय–वैशेषिक दर्शन विषयक योगदान की समीक्षा**

- भारतीय दर्शन में वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का स्थान
- न्याय–वैशेषिक के आधारभूत पद्धतिमूलक तथा ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्त (लोक प्रतीति एवं शास्त्र, बौद्धिकता का स्वरूप, आधारभूत ज्ञानमीमांसीय मान्यताएँ)
- न्याय–वैशेषिक के आधारभूत तत्त्वमीमांसीय सिद्धान्त (धर्मधर्मि भेद, भेदाभेद व्यवस्था, प्रतीतिभेद की विषयभेदजन्यता, असत्कार्यवाद, पदार्थत्व)
- न्याय–वैशेषिक दर्शन की पुरूषार्थमीमांसा (कर्मवाद एवं संसारवाद, दुःखतत्त्व, अदृष्ट, आत्मा, ईश्वर, पुरूषार्थ)
- वैशेषिक सत्तामीमांसा ( आकाश, देश एवं काल, अवयवी तत्व, संख्या, परिमाण एवं समुच्चय, समवाय, विशेष आदि।
- विचार–स्वातंत्र्य की सार्थकता एवं भासर्वज्ञ, रघुनाथ शिरोमणि के योगदान का मूल्यांकन

**(ब) पाश्चात्य आकारिक तर्कशास्त्र के प्रति योगदान की समीक्षा :–**

- *''स्टडीज़ इन फॉर्मल लॉजिक''* तथा अन्य ग्रन्थों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित प्रो. पाहि के लेख।
- पाश्चात्य आकारिक तर्कशास्त्र तथा नव्य–न्याय की शब्दावली का पारस्परिक रूपान्तरण (मिहिर चक्रवर्ती सम्पादित *''लॉजिक नव्य–न्याय एण्ड इट्स एप्लीकेशनस''* में प्रो. पाहि का लेख)

**(स) सौन्दर्यशास्त्र, काव्यशास्त्र, ग्रीक दर्शन, आदि को योगदानः–** चिन्तन की किसी भी अन्य धारा के विषय में प्रो. पाहि के विचार के सन्दर्भ में कोई भी प्रासंगिक बिंदु

# प्रो. विश्वम्भर पाहि के उपलब्ध कृतियों की सूची

**पुस्तक**

1. *Studies in Implicational Calculi*, Michigan, USA 1967
2. *Studies in Formal Logic*, Deptt. of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur ,1993
3. *रघुनाथ शिरोमणि– पदार्थतत्त्वनिरूपणम् का हिन्दी अनुवाद,* दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर,1997 (कुसुम जैन के साथ)
4. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श,* दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर,2000
5. *Approaches to Formal Logic* (Under preparation)

**अन्तरराष्ट्रिय तथा राष्ट्रिय पत्रिकाओं में प्रकाशित कतिपय शोध–पत्र**

1. *Panini's Technique of Representing Linguistic Regularities*, AJOS, 1988 ( with R.P. Sharma)

*2-3 Reflections on some life-affirming commitments of Western Science* and *The development of the deductive model of knowledge organization in Greek Thought* , JFR, 1993 (with Naseem Quazi)

4. *Reflections on Methodological issues in Plato's Philebus*, JFR, 1993 ( with Mohin Mohammad)
5. Two papers in *Burden of Poetic Consciousness,* SAP, Deptt. of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur, 1996 ( with S. Jethmalani)

*6-7 A Framework for the Moral Evaluation of Actions* and *On the Structure of the Purusartha System in Foundations of Indian Moral Thought*, special issue of JFR, 2003

8. *The early Vedic Weltanschaung*, JFR 2003 ( with S. Jethmalani)
9. *Formal Logic in Ancient Indian and Greece, in History of Science, Philosophy and Culture in Indian civilization*, vol. Part 4, 2007
10. *On Relationg Two Traditions of Logic*, in Logic, Navya-Nyaya & Applications, 2008
11. *Making Constructive Use of History: Groundwork for a Nyaya-Vaiesika Philosophy of Mathematics,* JICPR, 2008
12. *Vaisesika System, History of Science, Philosophy and Culture in Indian Civilization*, vol. 1, Part 5, A Golden Chain of Civilizations: Indic, Iranic, Semitic and Hellenic. Section 2: Science, Philosophy and culture, 2012
13. शास्त्र स्वरूप विषयक सिद्धान्त एवं तर्कशास्त्र के विकास की दिशाएँ, उन्मीलन

**In various issues of *The Journal of Symbolic Logic***

14. *On the non-existence of finite characteristic matrices for some implicational calculi*
15. *Some results on Generalized Truth- Tables* (with Applebee)
16. *Restricted extensions of some implicational calculi*
17. *Some classes of decidable implicational calculi without finite model property*
18. *A note on full models of propositional calculi*
19. *Theorems for some implicational calculi* (with Jankov)
20. *A result on axiom systems for propositional calculi*

**In various issues of *Notre Dame Journal of Formal Logic***

21. *An unsolvable problem concerning implicational calculi* (with Applebee)
22. *Some result on Generalized Truth Tables* (with Applebee)
23. *Necessity and some non-model propositional calculi*
24. *Maximal full matrices*

**In various issues of *Zeitschrift fur mathematische Logik and Grundlangen der Mathematik***

25. *Full models and restricted extensions of propositional calculi*
26. *Restricted extensions of implicational calculi*
27. *A theorem on the interrelationship of axiom systems for implicational calculi*
28. *A method for proving the non-existence of finite characteristic models for implicational calculi*
29. *Theorems for some implicational calculi*
30. *Independence Proofs in Propositional Logics unaccomplishable by Finite Matrices and Decidability without finite model property, abstracts, vol. 5 part-3, pp. 157-159,* VIII International Congress in Logic, Methodology and Philosophy of Science, Moscow.